न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

वर्ष–2 अंक–15
मासिक – मार्च व अप्रैल, 2024

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र

**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

**हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003**
**(लखनऊ विश्वविद्यालय)**

## Events at College

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा भाषण प्रतियोगिता



दिनांक 12.03.2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'मतदान जागरूकता' विषय पर भाषण दिया गया, जिसमें छात्र–छात्राओं ने बड़–चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण के पश्चात स्वयं सेवकों ने मतदान के लिए शपथ लिया। इस कार्यक्रम में चारों इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत (डॉक्यूमेंट्री) लघुवृत्तचित्र दिखाया गया।

दिनांक 13.03.2024 को महाविद्यालय के चारों इकाईयों के स्वयं सेवकों को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत (डॉक्यूमेंट्री) लघुवृत्तचित्र दिखाया गया। स्वयं सेवकों इमानदारी के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर सभी कार्यक्रम अधिकारी एंव महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।



### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता



दिनांक 14.03.2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मतदान हमारा अधिकार है। सबका यह

अरमान है इस संकल्पना के साथ स्वयं सेवकों ने उत्साहपूर्वक स्लोगन लिखे एंव मतदाता जागरूकता चित्र बनाये।

इस कार्यक्रम में सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

**<u>महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा व्याख्यान का आयोजन</u>**




दिनांक 14.03.2024 को कालीचरण महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा "Challenges & Improvement in Women Entrepreneurship" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन बाबू श्यामसुन्दरदास सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 बबिता नीरज शुक्ला असिस्टेन्ट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने अपना व्याख्यान देते हुए छात्राओं को महिला उद्यमी की समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्याओं के समाधान हेतु सरकार के द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

उक्त कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी व महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो0 मीना कुमारी तथा प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ0 शोभा श्रीवास्तव एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**<u>सांस्कृतिक समिति द्वारा महाविद्यालय में गायन प्रतियोगिता का आयोजन</u>**



दिनांक15.03.2024 को सांस्कृतिक समिति द्वारा महाविद्यालय में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संकायों से कुल 14 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रस्तुतियों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो0 मीना कुमारी जी, सांस्कृतिक समिति की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी एवं सांस्कृतिक समिति के सभी सदस्य, अन्य शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। निर्णायक मण्डल की भूमिका में डॉ0 शोभा श्रीवास्तव एवं डॉ0 अरूण कुमार रहे। विजेताओं में प्रथम स्थान मुस्कान मिर्ज़ा, द्वितीय स्थान आरती एवं तृतीय स्थान जय मिश्रा को प्राप्त हुआ।

**<u>राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय से चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी</u>**







मतदाता जागरूकता रैली दिनांक 18.03.2024को कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली महाविद्यालय से चौक क्षेत्र में निकाली गई। रैली का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय द्वारा किया गया। मतदाता जागरूकता रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाईयों के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित श्लोगन व पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को सतप्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 राजकुमार सिंह व डॉ0 शिवकुमार उपस्थित रहे।

**<u>विज्ञान संकाय द्वारा "विश्व गौरेया दिवस" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।</u>**






दिनांक 22.03.2024 को कालीचरण महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा "विश्व गौरेया दिवस" पर एक जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। मंच का संचालन अदिति और तेजस्वी के द्वारा किया गया। आनन्द, दुर्गेश, मातंगी और विवेक ने

पी0पी0टी0 प्रिजेन्टेशन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भारी संख्या में छात्र–छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से अनुष्का, निधि और जतिन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों (हर्षित, वैभव, ईशा, पलक एवं अन्य) द्वारा गौरेया के ऊपर तैयार किया गया नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विज्ञान वर्ग द्वारा चिड़ियों के लिए "बर्ड हाउस" भी लगाए गए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, वरिष्ठ प्राध्यापिकाएं प्रो0 मीना कुमारी तथा डॉ0 अल्का द्विवेदी उपस्थित रहीं। सभी ने कार्यक्रम को बहुत सराहा तथा प्राचार्य ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से पुरस्कृत करने की घोषणा की। विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया तथा विशेष रूप से डॉ0 इरा रस्तोगी, डॉ0 वन्दना यादव तथा श्रीमती शिवांगी त्रिपाठी को कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने तथा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया।

**<u>अन्तरमहाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की टीम विजेता</u>**





कालीचरण महाविद्याालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अन्तरमहाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 13 से 15 मार्च, 2024 तक किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की विभिन्न संकायों के 5 टीमों ने प्रतिभाग किया। नाक आउट आधार पर खेले गये इस प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष और बी0ए0 तृतीय वर्ष की टीम के फाइनल मुकाबले में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की टीम ने जीत हासिल की।

**<u>Add on Certificate course on Yogic Practice for Better Living के पहले बैच का आयोजन</u>**



शारीरीक शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किया गया Add on Certificate course on Yogic Practice for Better Living के पहले बैच का आयोजन 05 अप्रैल 2024 से प्रारंभ किया गया। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए जिनमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को वरीयता देते हुए कुल 49 विद्यार्थियों का नामांकन किया गया। नियमित रूप से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन प्रति दिन किया गया जिसमें पूर्व में निर्धारित पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण किया गया। इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को योग अभ्यास की आधारभूत जानकारी के साथ साथ योग के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, योग अभ्यास के सिद्धांत, आष्टांग योग, योग में भविष्य इत्यादि के बारे में भी विद्यार्थियों को बताया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निर्धारित उपस्थिति मानक एवं मूल्यांकन के बाद 29 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के लिए योग्य घोषित किया गया। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रमाण प्रदान किया गया।

**<u>मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया</u>**



दिनांक 06.04.2024 को कालीचरण पी0जी0 कॉलेज की NSS इकाई की ओर से शनिवार को युवा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन

उपाध्याय NSS के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 शिवकुमार, नोडल अधिकारी डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय के साथ 500 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

**<u>दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन</u>**







कालीचरण पी0जी0 कॉलेज में दिनांक 09 – 10 अप्रैल को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में पूरूष वर्ग में बी0ए0 तीसरे वर्ष के छात्र इस्लाम अली एवं महिला वर्ग में बी0ए0 दूसरे वर्ष की छात्रा सोनी को ओवरऑल चैम्पियान (सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) के खिताब से नवाजा गया। मुख्य अतिथि जूनियर वर्ग में भारतीय टेबिल टेनिस टीम के कोच एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी पराग अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को शारीरिक तौर पर सक्षम बनाने के साथ ही मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखते हैं। इसलिए जीवन में इनकी भी अहम भूमिका है। उन्होंने कार्यक्रम में 100मी0, 200मी0, 400मी0, 800मी0 1500मी0, लम्बी कूद, शार्ट पुट आदि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संयोजन शारीरिक शिखा विभाग की शिक्षक प्रो0 कल्याणी द्विवेदी व डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा ने किया। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, प्रबंधक ई0 वी0के0 मिश्र आदि उपस्थित रहे।

**<u>कालीचरण महाविद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन</u>**




22 अपैल को कालीचरण महाविद्यालय में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने पेपर लीक, बेरोजगारी, आरक्षण, अग्निवीर भर्ती जैसे विषयों पर खुलकर बात की। युवाओं ने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं पर कड़ी सजा का प्रावधान सरकार करे। कई ने इसके पक्ष में मो कुछ ने विपक्ष में तर्कसंगत टिप्पणी की। पीठासीन अध्यक्ष की भूमिका में रहे प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय, डॉ0 अल्का द्विवेदी, डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ0 राजकुमार (समाजशास्त्र) और डॉ0 शिव कुमार ने मजबूती से अपनी बात रखने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

युवा संसद में पेपर लीक, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आरक्षण, अग्निवीर, और स्वास्थ्य के मुद्दे पर मुख्य तौर पर बहस की। पक्ष में रहे विद्यार्थियों का मत था कि अब शिक्षा का स्तर सुधर रहा है।देश में अभी भी बहुत से लोग समृद्ध नहीं हो सके इसलिए आरक्षण को बरकरार रखना चाहिए। अग्निवीर से युवाओं के मन में राष्ट्र के प्रति देश भक्ति पैदा होगी। जबकि विपक्ष में रहे विद्यार्थियों ने कहा कि पेपर लीक होने से शादी में दिक्कत होती है। गॉवों में अभी भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। आरक्षण आर्थिक तौर से कमजोर व्यक्ति को देना चाहिए। इसे सिर्फ शिक्षा तक ही सीमित रखना चाहिए। इसी तरह कई विद्यार्थियों ने स्वच्छता, नदियों में प्रदूषण, पर्यावरण, वायु प्रदूषण, महिला सुरक्षा, जनसंख्या वृद्धि, प्रत्यक्षा विदेशी निवेश, नशाखोरी का मुद्दा उठाया। युवा संसद की अध्यक्षता कर रहे शिक्षकों ने पक्ष और विपक्ष में मजबूती से अपनी बात रखने वाले 10 विद्यार्थियों को हिन्दुस्तान की ओर से पुरस्कार वितरित किया। जिनमें आरती कश्यप, शुभ वर्मा, आनंद पाण्डेय, तपस्या कश्यप, सौरभ बाजपेई, उपेन्द्र पाठक, सौम्य कुमार जायसवाल, सत्यम शर्मा, नीतू रावत और रिंकी रावत का नाम शामिल है। शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं के प्रयासों को सराहा। हमेशा तथ्यों के साथ बात रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक–शिक्षिकाओं के साथ 120 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का बहुमुखी प्रभाव विषय पर कार्यशाला




आज दिनांक 26.04.2024 को कालीचरण पी0जी0 कालेज के शिक्षक–प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय "शिक्षण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता **(AI)** का बहुमुखी प्रभाव" रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाषा विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ0 सुमन कुमार मिश्रा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता **(AI)** के उद्देश्य, महत्व और प्रासंगिकता पर बात करते हुए जेनेरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता **(Generative AI)** और इसके **Tool's** पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। **Zoho Show** के माध्यम से कैसे **PPT Presentation** किया जाये और **Chat GPT** के द्वारा शिक्षण तकनीक में सुगमता के पहलू को भी रेखांकित किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस कार्यशाला में प्रश्नपत्रों के स्टडी मटेरियल, पी0पी0टी0, शार्ट वीडियों इत्यादि के माध्यम से शिक्षण को प्रभावशाली बनाने का भी प्रशिक्षण दिया। अपने स्वागत वक्तव्य में प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने आज के दौर में **AI** की भूमिका और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 मुकेश कुमार मिश्रा ने **AI** पर अपनी रिपोर्ट में इसके अनुप्रयोग पर बल दिया। आयोजन सचिव डॉ0 अरूण कुमार यादव ने संचालन किया तथा डॉ0 प्रितीश चन्द्र वैश्य और डॉ0 अनीता आर्य ने सहयोगी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य नियंता डॉ0 डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय जी ने किया।



## असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अल्का द्विवेदी का एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रमोशन

29 अप्रैल को महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अल्का द्विवेदी का एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रमोशन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्रबंधन ई0 वी0के0 मिश्र, प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय उपस्थित रहे।

# Kalicharan in Newspaper



### चैलेंजर्स एवं इंप्रूवमेंट इन वूमेन इंटर्नशिप विषय पर व्याख्यान का आयोजन

*अवध 24 संवाददाता*

लखनऊ। कालीचरण महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ समिति द्वारा "Challenges & Improvement in Women Entrepreneurship" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन बाबू श्याम सुन्दर दास सभागार में किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 बबिता नीरज शुक्ला असिस्टेन्ट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने अपना व्याख्यान देते हुए छात्राओं को महिला उद्यमी की समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत्त कराया तथा समस्याओं के समाधान हेतु सरकार के द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

उक्त कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ0 अल्का द्विवेदी व महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षका प्रो0 मीना कुमारी तथा महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

Website: www.Avadh24.in | Avadh 24 | Avadh



### हुई प्रतियोगिता

**लखनऊ :** कालीचरण पीजी कालेज में शुक्रवार को विज्ञान संकाय की ओर से विश्व गौरैया दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने बताया कि गौरैया संरक्षण पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में अनुष्का पहला, निधि दूसरा और जतिन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संकाय के हर्षित, वैभव, ईशा, पलक ने गौरैया पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। (जासं)



### नुक्कड़ नाटक से गौरैया संरक्षण का संदेश

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में विज्ञान संकाय की ओर से 'विश्व गौरैया दिवस' पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर गौरैयों के संरक्षण का संदेश दिया। आनंद, दुर्गेश, मातंगी और विवेक ने प्रजेंटेशन दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में अनुष्का, निधि और जतिन ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने बर्ड हाउस भी लगाए। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय, प्रो. मीना कुमारी व डॉ. इरा मौजूद रहीं। (संवाद)

## खेलकूद में छात्राओं ने दिखाया दम

■ एनबीटी सं., लखनऊः कालीचरण पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार से आगाज हुआ। प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय के अनुसार पहले दिन बालक एवं बालिका दोनों वर्ग की 3000 मीटर, 400 मीटर की दौड़, डिस्कस थ्रो, शार्टपुट प्रतियोगिताएं हुईं। 3000 मीटर बालक वर्ग में इस्लाम अली और बालिका में सोनी ने बाजी मारी। 400 मीटर में विजय कुमार और सोनी ने परचम लहराया। शार्टपुट में कौशल यादव और महक दुबे ले जीत दर्ज करवाई। इस मौके डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, प्रो. कल्याणी द्विवेदी समेत कई अन्य शिक्षक और स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

कैम्पस 30s

## खेलकूद को बढ़ावा दिया जाए: प्राचार्य

लखनऊ। कालीचरण पीजी कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मंगलवार से हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय ने खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात की। पहले दिन 3000 मीटर की दौड़ बालक एवं बालिका, 400 मीटर की दौड़ आदि आयोजन हुए।

सिटी लखनऊ

## गोला फेंक में कौशल और महक प्रथम

- कालीचरण पीजी कालेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू

जासं, लखनऊ : कालीचरण पीजी कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन दौड़, डिस्कस थ्रो, शार्टपुट आदि कई प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया।

300 मीटर की दौड़ (बालक) में बी.ए तीसरे वर्ष के इस्लाम अली और बालिका वर्ग में बी.ए द्वितीय वर्ष की सोनी प्रथम स्थान पर रहीं। गोला फेंक (बालक) में बी.ए द्वितीय वर्ष के छात्र कौशल यादव और बालिका वर्ग में महक दूबे ने पहला स्थान जीता। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर चंद्र मोहन उपाध्याय ने कालेज में खेलकूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने, खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम में डा. मुकेश कुमार मिश्रा, प्रो. कल्याणी द्विवेदी, खेल निर्देशक डीसीडीआर पांडेय व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।